# *ग्राम गौरव संस्थान*

## वित्तीय वर्ष 2022–23

## कार्य प्रगति प्रतिवेदन

## 01 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2023



ग्राम गौरव संस्थान अपना एक सपना संजोए हुए है–संस्था का सपना है "एक सौहार्दपूर्ण समाज की स्थापना हो, जिसमेंसम्पूर्ण जैविक विविधता का संरक्षण हो, जनतांत्रिक व्यवस्था कायम हो, हर परिवार की आजीविका सुदृढ हो," सपने को साकार करने के लिये संस्थान अपने कार्यक्षेत्र के भौगोलिक, सामाजिक, संरचना को ध्यान में रखकर 7 कार्यक्रम संचालित किये हुए है–

1. वर्षा जल एवं मृदा संरक्षण ।
2. महिला सशक्तिकरण ।
3. गुणवत्तापूर्ण सतत कृषि ।
4. पशुधन विकास ।
5. समावेशी एवं समग्र शिक्षा ।
6. अति गरीब की आजीविका सुदृढ करना।
7. मानवीय एवं संस्थागत विकास ।

# वर्षा जल एवं मृदा संरक्षण

संस्थान द्वारा कृर्षि सिंचाई हेतु जल आपूर्ती ,पशुधन एव ग्रामीण परिवारो के लिए पेयजल,पशुधन को पशु चारा व खाद्धयान आपूर्ती करने हेतू संस्थान कार्य क्षे़त्र के गावो मे वर्षाजल संरक्षण व मिटटी के कटाव को रोकना व जमीन की नमी को बढाना ,भू जल स्तर को बढाना जिससे ग्रामीणो की आजीविका सुद्धढ हो जिसमे जैविक विविधता का संरक्षण हो यह कार्य जनतांत्रिक व्यवस्था को भी कायम करता है ।संस्थान ने वर्ष 2022–23 मे संस्थान ने धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से ताल, पोखर , पैगारा का निर्माण किया जो निम्नवत है

1.1 पोखर – यह संरचना कृषि सिंचाई के लिए बनाई जाती है वर्ष 2022–23 मे धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से कुल 07 पोखरो का निर्माण करना योजना मे था जो पूरा कर लिया गया है ।



| क,स | पोखरो की संख्या | वर्तमान स्थिति | कुल सिंचित जमीन विघा मे | लाभान्वित परिवार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 | कार्य पुर्ण | 84 | 20 |

1.2 ताल – यह संरचना सामूदायिक होती है पशुधन व जन के पेयजल मे काम ली जाती है साथ मे पानी की उपलब्धता के अनुसार कृषि सिंचाई मे भी काम ली जाती है संस्थान द्वारा वर्ष 2022–23 मे 02 तालो का निर्माण किया है जिससे 75 परिवार एवं लगभग 700 पशुधन के लिए पेयजल उपलब्ध होगा एवं 200 विघा जमीन के लिए सिंचाई हेतू पानी उपलब्ध होगा ।



1.3 पैगारा – यह संरचना एक छत पथरीली जमीन मे बनाई जाती है मिटटी को संचय कर जमीन को फसल लेने लायक तैयार की जाती है संस्थान द्धारा वर्ष 2022–23 मे 01 पैगारा का निर्माण पुरा कर लिया गया है । इसमे 03 परिवार लाभान्वित होंगे एवं 04 बीघा जमीन कृषि योगय तैयार होगी ।



1.4 संस्थान के सघन कार्य क्षेत्र के अतिरिक्त 05 गावो मे किसानो के नाले वाले खेतो मे पुर्व मे तय किये हुये पैगारा निर्माण कार्य के लिए चयन करके ग्राम पंचायत के माध्यम से ऑनलाईन करवाये हुए को दुबारा क्रियान्वति मे लाने हेतु ग्रामीणो के साथ नुक्कड बैठक करके अपने ग्राम पंचायत स्तर पर मांग रखी जाये इसके लिए प्रेरित किया व ग्रामीणो को नाप तोल समझाई और पुन ऑनलाईन करवाया

| गतिविधि | गावो की गणना | कार्य की गणना |
|---|---|---|
| पैगारा आनलॉइन | 06 | 52 |

1.6 रचनात्मक कार्यो के निर्माण मे जन भागीदारी सुनिशचित करने हेतू संस्थान कार्यकर्ता सहित ग्राम विकास समिति के नियुक्त सदस्य सहित अन्य इच्छुक सहयोगी को भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार संरचनाओं के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाता है वर्ष 2022–23 में 1 अप्रेल से 31 मार्च2023 तक 01 प्रशिक्षण करवाया गया जिसका विवरण निम्नवत है :–

| क,स | गावो की संख्या | सहभागी सदस्यो की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 15 गावो की 15 ग्राम विकास समिति | 150 |

यह प्रशिक्षण शिविर मे मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद करौली के श्री महावीर प्रसाद नायक जी द्वारा समितियो के अधिकार ,कार्य ,सरकारी योजनाओ की जानकारी एवं जल की महत्वता पर संवाद स्थापित कर सदस्यो की जानकारी बडाई एवं गांव मे जल की उपलब्धता बढाकर आत्मनिर्भरता की और अग्रसर करने पर बल दिया गया ।



1.7 संस्थान द्वारा वर्षाजल व मृदा संरक्षण संरचनाओ के निर्माण मे तकनीकी एवं दस्तावेजी करण की कार्यकर्ताओ मे क्षमता वर्धन हेतू 02 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये जिनका विवरण निम्नवत है ।

| क्रमांक | सम्भागी | स्थान | प्रशिक्षण | सम्भागी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम गौरव संस्थान कार्यकर्ता | आश्रम परिसर | पाल की चौडाई, आफरा, व कम्पेक्शन, स्लोप | 10 |
| 2 | ग्राम गौरव संस्थान कार्यकर्ता व ग्राम विकास समिति सदस्य | गजसिंह पुरा | लेखा–जोखा रखने का व पाल की लम्बाई–चौडाई दरेशी कम्पेक्शन | 16 |
| कुल | | | | 26 |

1.8 मृदा संरक्षण की चेतना को गहरा करते हुए ग्रामीणों में वन संपदा के रख रखाव के प्रति आकर्षण वढाने के लिये वृक्षारोपण कार्यक्रम करवाया जिसमें ग्रामीणों के साथ नुक्कड बैठक व ग्राम संगठन की बैठके की जिसमे बील ,आवॅला ,करौजा , पपीता ,नीबू ,जामून,गुलर, बड, पेडो का वितरण किया जो निम्नवत है–

वृक्षारोपन कार्यक्रम निम्न गांव ,संख्या मे किया गया

| क्रमांक | गॉव का नाम | पैडों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अलवतकी | 65 |
| 2 | गजसिंहपुरा | 134 |
| 3 | मानिकपुरा | 121 |
| 4 | नरेकी | 20 |
| 5 | बरकी | 90 |
| कुल | | 430 |

संस्थान ने निम्नप्रकार के पेड वितरण किये – बील ,आवॅला ,करौजा , पपीता ,नीबू ,जामून,गुलर, बड,इन पेडो के साथ 50 परिवार लाभान्वित हो गये । बृक्षा रोपण करवाने व देखभाल व भविष्य मे लाभ हानी का बटवारा ऐसे मुददो पर ग्रामीणो का दायित्व भाव कायम करने के लिए निम्नप्रकार ग्रामीणो के साथ मे बैठके की गई –

| क्रमांक | गॉव का नाम | नुक्कड बैठक | ग्राम संगठन की बैठक संख्या | सम्भागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गजसिंहपुरा | 3 | 1 | 80 |
| 2 | बरकी | 3 | 1 | 41 |
| 3 | अलवतकी | 3 | 1 | 55 |
| 4 | मानिकपुरा | 18 | 3 | 85 |
| कुल | | 27 | 6 | 261 |


अक्षांश: 26.284642
देशान्तर: 76.955444
सटीकता: 2.8 m
समय: 09-08-2022 18:24
नोट: ramgopal
Powered by NoteCam

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

ग्राम गौरव संस्थान के द्वारा ग्रामीण आजीविका सुदृढ करने के लिये संचालित परियोजना के तहत ग्रामीणों के साझा प्रयासों से डांग की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार वर्षा जल संरचना एवं मृदा संरक्षण संरचनाओ का निर्माण किया जाता है साथ मे पशुधन विकास ,सतत कृषि ,सम्रग शिक्षा जैसे कार्यक्रमो की क्रियान्वति एव कार्य करने के निर्णयो मे महिलाओ की सहभागीता बढाने के लिए संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है संस्थान द्वारा वर्ष 2022–23 मे कार्य की प्रगती निम्नवत रही । इस कार्यक्रम को संचालित करने मे महिला कार्यकर्ता साथीयो की महत्वपुर्ण भूमिका है

| क्रमाक | गतिविधि | कार्य की गनणा | सदस्यो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | महिला कार्यकर्ताओ का चयन | . | 10 |
| 2 | महिला कार्यकर्ताओ का क्षमता वर्धन हेतु प्रशिक्षण | 02 | 10 |
| 3 | महिलाओ को ग्राम विकास मे भागीदारी सुनिश्चित करने हेतू महिलाओ के साथ बैठक | 37 गावो मे | 270 |
| 4 | किशोरीओ के साथ बैठक कर समस्याओ को चिन्हीत किया | 6गावो निभैरा,दयारामपुरा,बरकी ,हल्लीकापुरा,चौबेकी,दौलतपुरा | 35 |
| 5 | ग्राम संगठन की बैठक की सदस्यता हेतु महिलाओ के साथ नुक्कड सभा | 37 | 360 |
| 6 | महिला ग्राम कोष कि सदस्य महिलाओ के साथ ग्राम विकास पर बैठक की | 01 गाव बरकी | 19 |
| 7 | बालको को शाला भेजने के लिए बैठके की | 3 चौवेकी ,अलवतकी,दौलतपुरा | 35 |



# गुणवत्तापूर्ण एवं सत्त कृषि

संस्थान व ग्रामीणों के साझा प्रयासों से बढी उपजाऊ द्विफसलीय जमीन में किसानों के साथ उत्पादन क्षमता बढाने के लिए एक संवाद स्थापित है। संवाद को साकार करने के लिये खेतों की उत्पादन क्षमता बढाने के साथ साथ उत्पादन में उत्तम गुण भी स्थापित हो। इन प्रयासों में आर्गेनिक खेती की तर्ज पर प्रत्यक्ष ग्रामीणों को विदेशी खाद और अन्य कीटनाशक दवाओं से होने वाले कुप्रभावों की जानकारी करवाते हुए उत्पादन बढाने के लिये किसानों को अच्छा बीज उपलब्ध कराने के साथ साथ प्रशिक्षण के अनुरूप पौराणिक उत्तम विधाओं और आधुनिक तकनीकि को साझा करते हुए प्रशिक्षण का आयोजन किया और गॉव गॉव में बैठक करके बीज का चयन करके बीज वितरण किया। इस कार्य को ग्राम संगठन की बैठक मे अभिलेख की तरह दर्ज किया है रजिस्टर ग्राम स्तर पर उपलब्ध है । कार्य निम्न प्रकार वर्णित है–

खरीफ की फसल

| गॉव का नाम | नुक्कड बैठक | ग्राम संगठन वैठक | सम्भागी |
|---|---|---|---|
| बरकी | 5 | 0 | 40 |
| राहिर | 7 | 0 | 56 |
| आमरेकी | 3 | 0 | 24 |
| चौवेकी | 7 | 1 | 86 |
| गजसिंहपुरा | 9 | 2 | 60 |
| बामुदा | 4 | 1 | 60 |
| भोपारा | 2 | 0 | 16 |
| दौलतपुरा | 2 | 0 | 16 |
| दयारामपुरा | 3 | 0 | 24 |
| अलवतकी | 4 | 0 | 32 |
| रायवेली | 2 | 0 | 16 |
| कुल | 48 | 04 | 430 |



बीज वितरण :– धान का सुगन्धा बीज वितरण किया –

| क्रमांक | गॉव का नाम | किसानों की संख्या | बीज की मात्रा (किलो में) | धान का क्षेत्रफल (बीघा में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरकी | 3 | 40 | 8 |
| 2 | राहिर | 5 | 50 | 10 |
| 3 | आमरेकी | 9 | 80 | 16 |
| 4 | चौवेकी | 7 | 65 | 13 |
| 5 | गजसिंह पुरा | 54 | 365 | 73 |
| 6 | वामूदा | 7 | 70 | 14 |
| 7 | भोपारा (मरमदा) | 2 | 20 | 4 |
| 8 | दौलतपुरा | 2 | 20 | 4 |
| 9 | मानिकपुरा | 5 | 30 | 6 |
| 10 | रायवेली | 1 | 5 | 1 |
| 11 | दयारामपुरा | 3 | 15 | 3 |
| 12 | कशियापुरा | 1 | 15 | 3 |
| 13 | अलवतकी | 2 | 25 | 5 |
| कुल | | 101 | 800 | 160 |




गुणवत्तापूर्ण एवं सतत कृषि में कई प्रकार के प्रयासों में ग्राम गौरव संस्थान ने अपने कार्यक्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप किसानों को अपने गॉवों के कुपोषण खत्म करने के लिये सब्जीयों, अचार और फलों की ओर आकर्षित करते हुए वाडी व बगीचे की शुरूआत की है। जो निम्न प्रकार प्रगति हुई है।




GGS
DSL
धान उत्पादन बढाने के
लिए धान के पौधे से पौधे
की दूरी अनुभवी व विशेषज्ञों
की राय अनुसार धान रोपण
हीतग्राही -
के खेत मे धान दिनांक 27/07/22
को लगाया जा रहा है
अक्षांश: 26.299356
देशान्तर: 76.992882
सटीकता: 1.7 m
समय: 27-07-2022 12:59
नोट: dhan
Powered by NoteCam

| क्र. | हितग्राही का नाम | गॉव का नाम | वाडी का क्षेत्रफल (एयर में) | संस्थागत सहयोग | | | स्वयं द्वारा सहयोग | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | तारफेन्सी | खेत प्लेन | पेड पोधे | गडडे | जोत | चार दीवारी | पेड लगाना | पनी देना |
| 1 | लखन / श्रीफल | गजसिंहपुरा | 5.5 | | 2360 | 25 | 25 | | 8000 | | |
| 2 | रमेश / मोती | गजसिंहपुरा | 5.5 | | 2500 | 25 | 25 | | 8000 | | |
| 3 | ओमी / दुल्लीराम | गजसिंहपुरा | 2.75 | | 1500 | 25 | 25 | | 0 | | |
| 4 | विरमा / शिवचरण | गजसिंहपुरा | 6 | | 3700 | 19 | 19 | | 2000 | | |
| 5 | उदयसिंह | गजसिंहपुरा | 4.30 | | 6880 | 65 | 65 | | 15000 | | |
| 6 | परसराम / कल्याण | गजसिंहपुरा | 4.80 | | 3240 | 15 | 15 | | 5000 | | |
| 7 | सिरमोहर / जग्गू | गजसिंहपुरा | 2.71 | | 1240 | 43 | 43 | | 4000 | | |
| 8 | गिर्राज / रामरूप | गजसिंहपुरा | 2.96 | | 2900 | 27 | 27 | | 0 | | |
| 9 | धर्मराज / हरेत | गजसिंहपुरा | 1.69 | | 0 | 23 | 23 | | 2000 | | |
| 10 | दयाराम / मुरली | गजसिंहपुरा | 2 | | 1800 | 16 | 16 | | 0 | | |
| 11 | गोपाल | बरकी | 0 | | 0 | 25 | 25 | | 4000 | | |
| 12 | शिवचरण | नरेकी (बरकी) | 0 | | 0 | 25 | 25 | | 5000 | | |
| 13 | हल्कू | अलवतकी | 5 | | 2100 | 25 | 25 | | 0 | | |
| 14 | हरशिव | अलवतकी | 7 | | 1500 | 25 | 25 | | 0 | | |
| 15 | धर्मसिंह | अलवतकी | 3.75 | | 1500 | 25 | 25 | | 0 | | |
| 16 | सुरेश | अलवतकी | 4 | | 1500 | 25 | 25 | | 0 | | |
| 17 | गणपत | अलवतकी | 4 | | 1500 | 25 | 25 | | 0 | | |
| कुल | | | 8 | | 34220 रू | 458 पेडो की संख्या | 458 गडडो की संख्या | | 53000रू | | |



किसानो के साथ वाडी लगाने के तरिको एवं गोबर की खाद तैयार करने व सरकारी योजनाओ से मिलने वाली फव्वारा पाईप लाईन हेतू संवाद,प्रशिक्षण किया गया ।

| क,स | गावो की संख्या | किसानो की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 35 गावो के किसानो के साथ वाडी लगाने व गोबर की खाद तैयार करने पर संवाद | 57 किसान |
| 2 | 02 गावो के किसानो को फव्वारा पाईप लगाने मे सरकार की योजना से लाभा लेने हेतू प्रेरित किया । | 11 किसान |

संस्थान ने गुणवत्तापूर्ण सतत कृषि प्रगति में ग्रामीणों के साझा प्रयासों से एक बीज संधारण केन्द्र की स्थापना में ग्रामीणों को परियोजना के तहत वितरण बीज से सवाया एकत्रित करने के अनुसार अप्रैल माह में गेहू एकत्रित कियेः–

| क्र | गॉव का नाम | किसानों की संख्या | गेहू की मात्रा (किलो में) | रखने का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गजासिंहपुरा | 6 | 196.88 | बीज संग्रहण केन्द्र गजसिंहपुरा |
| 2 | अलवतकी | 12 | 390.63 | बीज संग्रहण केन्द्र गजसिंहपुरा |
| 3 | चौवेकी | 17 | 781.25 | बीज संग्रहण केन्द्र गजसिंहपुरा |
| 4 | वामूदा | 29 | 906.25 | बीज संग्रहण केन्द्र गजसिंहपुरा |
| 5 | राहिर | 21 | 656.25 | बीज संग्रहण केन्द्र गजसिंहपुरा |
| 6 | आमरेकी | 6 | 218.75 | बीज संग्रहण केन्द्र गजसिंहपुरा |
| कुल | | 91 | 3150 | |

गेहू का उत्पादन बढाने के लिए बीज संग्रहण समिति के अनुसार बीज का चयन करके श्रीराम 1482 नामक बीज वितरण किया –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | गेहू का बीज वितरण किया | 08 गावो मे | 88 किसानो को |
| 2 | बीज निम्न प्रकार वितरण किया | 25 किलो प्रति एक वीघा | 88 बीघा |

जल प्रबंधन कार्यक्रम –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | सोलर वॉटर पम्प उपलब्ध करवाया | 05 गावो मे | 05 समूहो को |
| 2 | जल प्रबंधन के लिए फव्वारा पाईप उपलब्ध करवाया | 03 गावं | 04 समुह |
| 3 | सरकारी कृषि उधान की विभाग से क्षेत्र के ग्रामीण किसानो को सोलर वॉटर पम्प दिलाने हेतु फाईल आनलाईन करवाई | 07 गांव | 29 फाईले |

# पशुधन विकास

ग्राम गौरव संस्थान डांग क्षेत्र के ग्रामीण परिवारो की आजिविका के संसाधन पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन कर पशुधन से लाभ ज्यादा मिले इसके लिए प्रयासरत है इस कार्य को कार्य क्षेत्र मे पशुओ का रखरखाव पशुओ में मौसमी बिमारियो के टीकाकरण व अन्य बिमारियो के सामान्य ईलाज के लिए संस्थान द्वारा चेतनात्मक एवं रचनात्मक कार्य किये जा रहे है ।इस श्रृखला में 1 अप्रैल 2022 से 31मार्च 2023 तक निम्न प्रयास रहे है ।

| क्र | गतिविधि | गतिविधि संख्या (गांव में) | पशु संख्या | पशु पालको की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पशुस्वास्थ्य शिविर | 10 | 1009 | 332 |
| 2 | टीकाकरण मौसमी बिमारियो का ,खुर पकना, मुह पकना ,अफरा आना, थनेला, दस्त , बुखार, सर्दी खासी | 10 | 750 | 90 |
| 3 | सामान्य बिमारियो का ईलाज प्रशिक्षत कार्यकर्ताओ द्वारा {गिर्राज जी,विजयराम जी}ने गावं मे पहुचॅकर किया | 11 | 315 | 35 |
| 4 | पशुओ के बीमा करवाने की जानकारी प्राईवेट पशु डाक्टर हरीमोहन सैनी जी ने पशुपालको की बैठक कर जानकारी दी । | 4 | | 60 |
| 5 | पशुओ का बीमा | 06 गांव | 87 पशुओ का | |



# समावेशी एवं समग्र शिक्षा

संस्थान अपने कार्यक्षेत्र के गांवो में सौहाद्रपूर्ण समाज की स्थापना हेतु शिक्षा की गुणवत्ता को बढाने के लिए बालको के संस्कारो में भौगोलिक परिस्थितियो के अनुसार प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण में पौराणिक व आधुनिक पध्दतियो को समझने एवं बालको की अभिव्यक्ति व हस्तकला उभारने हेतु सद्भावना केन्द्र संचालित कर रहा है । संस्थान द्वारा जिन गावो मे सरकारी स्कूल नही है उन गावो मे सदभावना केन्द्र के माध्यम से प्रयासरत है । कार्य क्षेत्र के 01 गावो मे सदभावना केन्द्र संचालन किया जा रहा है ,संस्थान के प्रयास निम्नवत रहे –

| क्र | सद्भावना केन्द्र | बालको की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | धोधाकी | 30 |



## अति गरीब आजीविका सुदृढ़ीकरण

संस्थान अपने कार्यक्षेत्र के उन सब परिवारो को अपने कार्य के श्रृखला से जोड़ रहा है जो परिवार भुमिहीन है असहाय है, विधवा महिलाए है, उनके साथ बैसाखी के रूप में खड़े होकर मदद करने की अपनी श्रृखला में 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक संस्थान ने अपने द्वारा संचालित परियोजना से सीधा आर्थिक सहयोग व सरकारी योजनाओ से मिलने वाली साहयताओ की जानकारी उपलब्ध करवायी।

6.1 संस्थान द्वारा संचालित परियोजना के तहत आर्थिक सहयोग वाले परिवार :—

| क्र | लाभार्थी का नाम | गांव का नाम | व्यवसाय | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंगुरी पति बाबु गुर्जर | मानिकपुरा | भैस | 20000 |
| 2 | रेखा पति मोहन | मानिकपुरा | खेत समतलीकरण | 20000 |
| 3 | शिला बाई पति रामगिलास | मानिकपुरा | भैस | 20000 |
| 4 | सिया बाई पति धर्मसिंह | मानिकपुरा | भैस | 20000 |
| 5 | लज्जा बाई पति जलसिंह | मानिकपुरा | दुकान | 20000 |
| 6 | संतरा बाई पति मुरारी | आमरेकी | खेत समतलीकरण | 20000 |
| 7 | मोहन बाई पति गेंदा | आमरेकी | दुकान | 20000 |
| 8 | उर्मिला पति भंवर | आमरेकी | भैस | 20000 |
| 9 | वैजन्ती पति भरत | आमरेकी | भैस | 20000 |
| 10 | राजेश पति उम्मेद | आमरेकी | कोटरी | 20000 |
| कुल | | | | 200000 |




6.2. 09 गावो के 44 चिन्हित अति गरीब परिवारो मे से 04 गावो के 23 परिवारो को ग्राम गौरव के आश्रम परिसर मे एकत्रित करके ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा सरकारी योजनाओ की जानकारी उपलब्ध करवाई इसी श्रृखला मे रायवेली दौलतपुरा गांव मे पाच गावो के 21 चिन्हित परिवारो को ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा सरकारी योजनाओ की जानकारी दिलाई गई ।

सरकारी योजनाओ की जानकारी हेतु शिविर आयोजित किये –

| क्रमांक | शिविर का स्थान | गावो की संख्या | सम्भागीयो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम गौरव आश्रम परिसर | 04 | 23 |
| 2 | रायवेली ,दौलतपुरा | 05 | 21 |
| 3 | दौलतीयाकी , लखरूकी | 02 | 30 |

## मानवीय एवं संस्थागत विकास

संस्थान अपने कार्यकर्त्ता व ग्रामीण युवा पिढ़ी में मानव मूल्य को उभारने के लिए संस्थान के कार्यक्षेत्र के गांवो से महिला पुरूषो का चयन करके प्रशिक्षण शिविर आयोजीत किये गये है प्रशिक्षण शिविर का मूल उददेश्य मानव मूल्यो के साथ युवा वर्ग ग्राम विकास मे अपनी भागिदारी सुनिशचित कैसे करे एवं यह कार्य उसकी मूल जिम्मेवारी समझकर करे इसके लिए युवाओ के मानस पटल पर स्वालम्वी गावं हो ,ऐसा अवसर प्रदान करने हेतू संस्थान प्रयासरत है इसके लिए संस्थान द्वारा 01 अप्रैल 2022 से 31मार्च 2023 तक **युवाओ का चयन एवं** प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये जिनका विवरण निम्नवत है ।

| क्र | गतिविधि | स्थान | बैठक | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम गौरव मित्रो का चयन व प्रशिक्षण | संस्था आश्रम परिसर | 05 | 101 |
| 02 | मासिक कार्यकर्ता बैठक | ग्राम गौरव आश्रम परिसर | 10 | 120 |
| 03 | ग्राम संगठनो के गठन हेतु बैठके | गजसिंह पुरा,चौवेकी,अलवतकी,संस्था परिसर | 06 | 133 |
| 04 | किसान उत्पादन संगठन मे किसानो का चयन | डांग क्षेत्र | — | 121 |
| 05 | किसान उत्पादन संगठन का गठन करने का प्रशिक्षण | ग्राम गौरव संस्थान परिसर | 02 दिवसीय | 12 |




ग्राम गौरव मित्र
प्रशिक्षण शिविर
ताल पोखर और
पैगारा इनसे चलता
Samsung Triple Camera
Shot with my Galaxy A50